केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2018/205 दिनांक: 10.08.2018

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2018/00186
CICOM/R/2018/00596

अपीलकर्ता : श्री ओम पाल सिंह,
द्वारा – श्री ओम प्रकाश,
विनय नगर, क्वारसी,
अलीगढ़, उत्तर प्रदेश – 202001.

निर्णय की तारीख : 10.08.2018

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 28.05.2018 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 15.06.2018 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री एस. सी. शर्मा |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 12.07.2018 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 378/06.08.2018 (1042/03.08.2018) |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 28.05.2018 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से आर.टी.आई. आवेदन सं. CICOM/R/2017/01302 से संबंधित सूचना भेजे जाने के साक्ष्य की मांग की गई थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री एस. सी. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, मुख्य सूचना आयुक्त कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध अपीलकर्ता द्वारा प्रथम अपील दाखिल की गई है ।

2. संबंधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन एवं आर.टी.आई. आवेदन) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के उक्त आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से CICOM/R/2017/01302 से संबंधित सूचना भेजे जाने का साक्ष्य उपलब्ध नहीं करवाया गया है, बल्कि अन्य सूचना दी गई है । तद्नुसार श्री एस. सी. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, मुख्य सूचना आयुक्त कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि डिस्पैच अनुभाग की सहायता से आर.टी.आई. आवेदन सं. **CICOM/R/2017/01302 से संबंधित सूचना भेजे जाने का साक्ष्य इस आदेश की प्राप्ति के दस कार्यदिवसों के अंदर अपीलकर्ता को उपलब्ध करवाया जाए ।**

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 में की जा सकती है ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष – 011-26162290

प्रतिलिपि :

1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री एस. सी. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, मुख्य सूचना आयुक्त कार्यालय, के.सू.आ., नई दिल्ली ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
10 AUG 2018
D. No.............
Initials.............